पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः अग्रहायण 01, 1944
मंगलवारः 22 नवंबर 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कंबोडिया में अमेरिका के रक्षा मंत्री श्री लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज कंबोडिया के सिएम रीप में अमेरिका के रक्षा मंत्री श्री लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। श्री राजनाथ सिंह और श्री लॉयड ऑस्टिन 9वीं आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग (एडीएमएम) प्लस बैठक में भाग लेने के लिए कंबोडिया में हैं। दोनों नेताओं ने बहुत गर्मजोशी के साथ एक-दूसरे से भेंटवार्ता की और बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा संबंधों पर संतोष व्यक्त किया। रक्षा मंत्री के साथ रक्षा सचिव श्री गिरिधर अरमने और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

दोनों रक्षा मंत्रियों ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रक्षा सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए आपसी हित के व्यापक मुद्दों पर चर्चा की। श्री राजनाथ सिंह ने दोनों देशों को सैन्य विमानन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता/आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्षमता निर्माण के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

रक्षा मंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के बारे में दिशानिर्देश बनाने की उम्मीद जताई। उन्होंने विमान रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) और पोत-निर्माण, मरम्मत एवं सुधार/रिफिट में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला और विशिष्ट क्षेत्रों का सुझाव दिया जहां अमेरिकी रक्षा कंपनियां भारत में भारतीय भागीदारों के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग और

विनिर्माण अवसरों की तलाश कर सकती हैं। रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने सुझावों का स्वागत किया और श्री राजनाथ सिंह को इस संबंध में सहयोग का आश्वासन दिया।

दोनों नेताओं ने नौवहन, उड़ान भरने और निर्विघ्न व्यापार की स्वतंत्रता के साथ समावेशी और नियम आधारित हिंद प्रशांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने समुद्री क्षेत्र जागरूकता सहित दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत करने के लिए संभावित पहलों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर अपने दृष्टिकोण भी साझा किए।

एसआर/डीएस